Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

قَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِكُمْ سُنَنٌ ۙ فَسِيْرُوْا فِي الْاَرْضِ فَانْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُكَذِّبِيْنَ ﴿۱۳۸﴾

(सूरत आले- इम्रान आयत :130)

अनुवाद: निस्संदेह तुम से पहले कई सुन्नतें (आदर्श) गुज़र चुके हैं। अत: धरती में भ्रमण करो और देखो कि झुठलाने वालों का क्या परिणाम हुआ।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 41

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

10 सफर 1440 हिजरी कमरी 10 इख़ा 1397 हिजरी शमसी 10 अक्तूबर 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

बुद्धिमान वह है जो नबी को पहचानता है क्योंकि वह ख़ुदा को पहचानता है। और मूर्ख वह है जो नबी का इन्कार करता है क्योंकि नबूवत का इंकार ख़ुदा के इंकार के लिए अनिवार्य है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

ख़ुदा की कुदरतों और चमत्कारों को सीमित समझना बुद्धिमता नहीं

ख़ुदा की कुदरत और चमत्कारों को सीमित समझना बुद्धिमता नहीं वह अपनी माही अत नहीं जानता और समझता और आसमानी बातों पर राय देता है ऐसे ही लोगों के लिए कहा-

तू कारज़ में रांको साख़्ति
कि बा आसमां नीज़ पर दाखती

इंसान के लिए आवश्यक है कि अपने सामर्थ्य से बढ़कर कदम न उठाए। अधिकतर बीमारियों का कारण और लक्षण डॉक्टरों को मालूम नहीं तो क्या ऐसी कमज़ोरी पर उसके लिए उचित है कि वह सामर्थ्य से बढ़कर चले, कदापि नहीं। अपितु अबूदियत का तरीका यही है कि 'सुबहानका ला इल्म लना' (अल बक़र:- 33) कहने वालों के साथ हो। देखो सितारे जो इतने बड़े-बड़े गोले हैं आसमान में बिना किसी सहारे के लटकते हैं और खुद आसमान बिना किसी सहारे के हज़ारों साल से इसी तरह चले आए हैं। चाँद प्रतिदिन साफ सुथरा निकलता है, सूर्य प्रतिदिन निकलता है और ठीक गति और रविश पर चलता है। हमारे कामों में कोई न कोई गलती ज़रूर हो जाती है परंतु अल्लाह तआला के काम देखो कि चांद-सूर्य अपने एक ही तरीके पर चलते हैं। यदि प्रतिदिन इन बातों को सोचो कि सूर्य प्रतिदिन निर्धारित तरीके पर निकलता है दिशाओं को बताता है तो दीवाना हो जाए। देखो हम पर इतनी हालतें आती हैं और सूर्य पर कोई हालत नहीं आती। एक घड़ी जो दो हज़ार रुपया की हो यदि वह 12 की बजाय 10 और 10 की बजाय 12:00 बजाए तो निकम्मी और व्यर्थ समझी जाएगी, परंतु ख़ुदा तआला की बनाई हुई घड़ी ऐसी है कि उसमें तनिक भी अंतर नहीं और न उसको किसी चाबी की आवश्यकता है न साफ करने की आवश्यकता। क्या ऐसे बनाने वाले की शक्तियों की गणना की जा सकती है। इंसान हैरान हो जाता है जब वह देखता है कि हमारी वस्तुएं, कपड़े, बर्तन इत्यादि जो प्रयोग में आते हैं घिसते रहते हैं, बच्चे जवान और बूढ़े होकर मरते हैं परंतु जो सूर्य कल निकला हुआ था आज भी वही सूर्य है और एक असंख्य ज़माने से इसी प्रकार चला आया है और चला जाएगा परंतु इस पर कोई परिवर्तन की अवस्था की या ज़माने का प्रभाव नहीं होता। कितनी गुस्ताखी है कि एक कीड़े होकर उस बुलन्द शान वाले ख़ुदा पर हमला करें और जल्दी से आदेश कर दें कि ख़ुदा में शक्ति नहीं।

अंबिया अलैहिमुस्सलाम के चमत्कारों का उद्देश्य

इस्लाम का ख़ुदा बड़ा शक्तिशाली ख़ुदा है किसी को अधिकार नहीं है कि उसकी शक्तियों पर ऐतराज़ करे। अंबिया अलैहिमुस्सलाम को जो चमत्कार दिए जाते हैं उसका कारण यही है कि इंसान का अनुभव पहचान नहीं कर सकता और जब इंसान विलक्षण बातों को देखता है तो एक बार तो यह कहने पर विवश हो जाता है कि वह ख़ुदा तआला की ओर से है परंतु यदि अपनी बुद्धि का दावा करे और ख़ुदा से समझने की शक्ति न मांगे तो दोनों ओर से मार्ग बंद हो जाता है। एक ओर चमत्कारों का इंकार दूसरी ओर तुच्छ बुद्धि का दावा। जिसका परिणाम यह होता है कि उन बारीक से बारीक वस्तुओं को पहचानने की चिंता में वह मूर्ख इंसान लग जाता है जो चमत्कारों की गहराई में है और जिसकी फिलासफी इंसानी बुद्धि और ऊपरी विचारों पर नहीं खुल सकती। इससे वह इंकार की ओर लौटते लौटते नबूवत का ही इंकारी हो जाता है और शंकाओं और संदेशों का एक बहुत सा ढेर जमा कर लेता है जो उसकी दुर्भाग्य का कारण होकर रहता है। कभी यह कह देता है कि यह भी हमारे जैसा सामान्य व्यक्ति है जो खाता है पीता है और मानवीय आवश्यकता रखता है, उसकी शक्तियां हमसे कैसे बढ़ सकती हैं, उसकी शक्तियों में आध्यात्मिकता की शक्ति और दुआओं में स्वीकारिता का प्रभाव क्यों विशेष रूप से आ जाएगा? अफ़सोस इस प्रकार की बातें बनाते और ऐतराज़ करते हैं जिसके कारण जैसा मैंने अभी कहा नबूवत का ही इन्कार कर देते हैं। सोचने और समझने का स्थान है कि सामान्य तौर पर तो मानते नहीं और असामान्य रूप पर ऐतराज़ करते हैं। अब यह जानबूझ कर अम्बिया अलैहिमुस्सलाम के वजूद का इन्कार नहीं तो क्या है? क्या इन्हीं बुद्धि और विवेकों पर गर्व है कि फिलॉस्फर कहला कर अधर्मी अथवा मूर्ति पूजक हो गए। अल्लाह तआला की छुपी हुई शक्तियां कभी इलहाम और वह्यी के सिवा अपना चमत्कार नहीं दिखा सकतीं। वह वह्यी और

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-10)

मैडीकल पढ़ने का शौक़ पैदा करो क्योंकि हमें डाक्टरों की ज़रूरत है वकीलों की नहीं

तुम्हें दूसरी लड़कियों के लिए अनुकरण योग्य नमूना होना चाहिए और इसी तरह तुम्हारे अख़लाक़, तुम्हारी नमाज़ें, गुफ़्तगु और लिबास भी।

आपके लिबास में लज्जा होनी चाहिए, वाक़फ़ात नौ को व्यवहारात्मक नमूना दिखाना पड़ेगा

लज्जा ईमान का हिस्सा है, लज्जा ही असल चीज़ है और पर्दे का हुक्म अल्लाह तआला का है

जो भी बात अल्लाह तआला के हुक्म से टकराए चाहे वह माता पिता कहें, पति कहे या कोई भी कहे वह नहीं माननी

वाक़फ़ात नौ बच्चियों को सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की क़ीमती नसीहतें

अहमदी सियास्तदान बन सकते हैं, वाक़फ़ीन नौ सियास्तदान नहीं बन सकते

हमें इस वक़्त डाक्टरों, टीचरों और इंजीनीयर्ज़ और एकाऊंटैंट की भी ज़रूरत है लेकिन अधिकतर डाक्टरों और टीचरों की ज़रूरत है

मैंने दो साल पहले कैनेडा में ख़ुत्बा दिया था वही वाक़फ़ीन नौ का चार्टर है, इस में इकत्तीस बिन्दु थे , उन पर अनुकरण करो

तुम लोग पाँच नमाज़ें नियमित पढ़ा करो, नमाज़ जमाअत के साथ पढ़ा करो, क़ुरआन करीम की तिलावत नियमित करो। अपनी दोस्तियाँ अच्छे लड़कों से रखो और पढ़ाई की तरफ़ ध्यान दो, यह चार बातें याद रख लो और बाक़ी बिन्दु इस ख़ुत्बा से ले लेना।

वाक़फ़ीन नौ बच्चों को सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ को क़ीमती नसीहतें।

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

दिनांक 26 अक्तूबर 2018, दिन जुम्अ:

माईकल काऊल (मेम्बर अमेरीकन कांग्रेस) की हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला से मुलाक़ात

प्रोग्राम के अनुसार साढ़े चार बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर तशरीफ़ लाए। मेम्बर अमेरीकन कांग्रेस Michael McCaul साहिब हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात के लिए आए हुए थे। महोदय के साथ उनके दफ़्तर के दो ओहदेदार प्रैस सेक्रेटरी और उच्च सहायक भी मुलाक़ात में शामिल थे।

*कांग्रेस मैन ने निवेदन किया कि हम हुज़ूर को अमरीका में ख़ुश-आमदीद कहते हैं। वह यह बताते हुए ख़ुशी महसूस कर रहे हैं कि उनके दफ़्तर के सम्पर्क की वजह से अमरीकी वज़ारत-ए-दाख़िला औरा प्रबन्धकों ने हुज़ूर अनवर के दौरा के लिए पूर्ण विशेष सहयोग की यक़ीन दहानी करवाई है और यह हुज़ूर अनवर के शान के योग्य भी है क्योंकि हुज़ूर अनवर इंतिहापसंदी की विरोध करते हैं और उसके ख़िलाफ़ आवाज़ उठाते हैं और दुनिया में भाईचारा और अमन के स्थापना के करने वाले हैं।

इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: आपने जिन विचारों को प्रकट किया है इस पर आपका शुक्रिया। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि मैं तो इस्लाम की असल और वास्तविक शिक्षा ही बयान करता हूँ। आजकल इंतिहापसंदों और दहश्तगर्दों की तरफ से जो कार्यवाहियां हो रही हैं उनका इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से कोई सम्बन्ध नहीं है। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया इस्लाम के असल अर्थ ही अमन के हैं, सलामती के हैं।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पेशगोई फ़रमाई थी कि आख़री ज़माना में एक मुस्लेह, एक सुधारक आएगा जो इस्लाम का संस्कार करेगा और इस्लाम की वास्तविक शिक्षा बताएगा। अत: आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पेशगोई के अनुसार जमाअत अहमदिया के संस्थापक अहमदिया ने इस्लाम की असली और वास्तविक शिक्षा को दुनिया के सामने पेश किया और आज जमाअत अहमदिया इस्लाम की वास्तविक शिक्षा, अमन की शिक्षा हर जगह पेश कर रही है। हम विरोधियों के एतराज़ों का जवाब देने में कोई शस्त्र प्रयोग नहीं करते बल्कि इस्लाम की सच्ची शिक्षा और दलीलें प्रयोग करते हैं और दलीलों से इस्लाम की प्रतिरक्षा करते हैं ।

*इस के बाद मैंबर कांग्रेस ने इंतिहापसंदों और दहश्तगर्दों की तरफ़ से होने वाली कार्यवाईयों का ज़िक्र किया।

इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: जो लोग radicalize हो रहे हैं उनकी कोई वजह है। तथाकथित मुसलमान उल्मा उनको ऐसी ग़लत शिक्षा देते हैं जिसका इस्लाम से कोई सम्बन्ध नहीं है। ना वह शिक्षा क़ुरआन करीम में है और ना नबी करीम के अनुकरण से ज़ाहिर है। यह ग़लत शिक्षा उन लोगों को इंतहापसंद बना रही है। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: एक तो शैक्षिक स्तर की कमी की वजह से लोग मुल्ला के पीछे चलते हैं और जो पढ़े लिखे लोग हैं उनको भी धार्मिक इल्म नहीं होता, वे भी जो मुल्ला कहता है इस के पीछे चल पड़ते हैं और फिर आर्थिक बदहाली और रोज़गार की कमी भी इंतिहापसंदी को फैलने का अवसर उपलब्ध करती है। इसका हल यही है कि मुसलमानों के लिए शिक्षा और रोज़गार के अवसर उपलब्ध किए जाएं।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: आप अहमदियों में ऐसा नहीं देखेंगे कि इन में कोई इंतिहापसंदी की तरफ़ झुक रहो हो क्योंकि अहमदी इस्लाम की सच्ची और वास्तविक शिक्षा को जानते हैं। इसलिए वह radicalize नहीं होते। दुनिया के किसी भी देश में आबाद जो अहमदी है, इस का व्यवहार और भूमिका और अनुकरण एक जैसा ही है क्योंकि वे इस्लाम की वास्तविक शिक्षा पर अनुकरण करने वाले है।

कांग्रेस मैन ने इंतिहापसंदी और अग्रवादी कार्यवाईयों के ख़िलाफ़ जमाअत अहमदिया के भूमिका की महत्व को बयान किया और कहा कि मुस्लिम दुनिया में हुज़ूर अनवर ही वास्तविक राहनुमा हैं और वह चाहते हैं कि सारी मुसलमान हुज़ूर अनवर के उपदेशों को समझें और इस पर अनुकरण करें। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: इंतिहापसंदी के ख़िलाफ़ जंग का हल शायद हमारी ज़िन्दगी में तो ना हो लेकिन आने वाली नस्ल की ज़िन्दगी में शायद हो जाएगी।

*ग्वेटामाला में हस्पताल के स्थापना औरा इस के उद्घाटन का ज़िक्र हुआ। इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि हमने वहां यह हस्पताल सिर्फ़ लोगों की सेवा के लिए खोला है। हमने वहां से कोई रक़म नहीं कमानी। हमने अफ्रीक़ा के विभिन्न

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला की सीमाएं जो हैं उनसे आगे नहीं बढ़ना उनके अंदर रहना है अतः यही हर अहमदी को अपने सामने रखना चाहिए और फिर आज्ञाकारिता के दायरे के अंदर रहना चाहिए।

"अल्लाह तआला से डर और जान ले कि तू अल्लाह का तक़्वा इख्त्यार नहीं कर सकता जब तक तू अल्लाह पर ईमान न लाए और हर प्रकार के अच्छी बुरी तकदीर पर भी ईमान न लाए। अतः अगर तू इसके अतिरिक्त किसी आस्था पर मरा तो तू आग में जाएगा।" (हज़रत उबादा बिन सामित रज़ि० की अंतिम वसीयत)

इखलासो वफ़ा के जीते जागते सबूत बद्री सहाबी हज़रत उबादा बिन सामित रज़ि अल्लाह अन्हु की पवित्र जीवनी का मनमोहक वर्णन

अल्लाह तआला इन सहाबा रिज़वानुल्लाह अलैहिम के दरजात बुलंद फरमाए जिन्होंने हमें कुछ ऐसी बातें पहुंचाई जो हमारे लिए रूहानियत के अतिरिक्त व्यवहारिक जिंदगी गुज़ारने के लिए भी ज़रूरी थीं।

मुकर्रम सईद सोकिया साहब (सीरिया) मुकर्रम अत्तय्यबुल अबीदी साहिब (त्यूनस) और हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सालिस रहमतुल्लाह की बड़ी बेटी मोहतरमा अमतुश्शकूर साहिबा की वफात पर मरहूमीन का ज़िक्रे खैर और नमाज़-ए-जुमा व असर के बाद नमाज़-ए-जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 6 सितम्बर 2019 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक, इस्लामाबाद। (टिलफोर्डसरे), यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

पिछले ख़ुत्बे में हज़रत उबादा बिन सामित का मैं वर्णन कर रहा था जो पूरा नहीं हुआ था उनके बारे में कुछ अधिक घटनाओं और रिवायत का अब मैं वर्णन करता हूं। इतिहास में लिखा है कि जब अब्दुल्लाह बिन उबई के कहने पर उसके हलीफ कबीला बनू कैनका ने मुसलमानों से जंग की। तो हज़रत उबादा भी अब्दुल्लाह बिन उबई की तरह उनके हलीफ थे परंतु इस जंग की हालत की वजह से यह उस कबीले से अलग हो गए और अल्लाह और उसके रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की खातिर उनके हलीफ होने से बरी हो गए। इतिहास में लिखा है कि इसके बाद यह आयत उतरी-

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَتَّخِذُوا الْيَهُوْدَ وَ النَّصٰرٰٓى اَوْلِيَآءَ ۘ بَعْضُهُمْ اَوْلِيَآءُ بَعْضٍ ؕ وَ مَنْ يَّتَوَلَّهُمْ مِّنْكُمْ فَاِنَّهٗ مِنْهُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يَهْدِى الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ

(अलमाइदा-52)

अर्थात हे वे लोगो जो ईमान लाए हो यहूदी और ईसाइयों को दोस्त न बनाओ वे आपस में ही एक दूसरे के मित्र हैं और तुम में से जो उनसे दोस्ती करेगा वह उन्हीं का होकर रहेगा । निस्संदेह अल्लाह अत्याचारी क़ौम को हिदायत नहीं देता। यहां यह स्पष्ट कर दूं कि इसका यह अर्थ नहीं कि कभी भी किसी ईसाई यहूदी को लाभ पहुंचाने वाली बात नहीं करनी या उनसे संबंध नहीं रखने बल्कि अर्थ यह है कि वह यहूदी या ईसाई जो तुम्हारे साथ जंग की हालत में हैं उनसे दोस्ती न करो। वरना दूसरे स्थान पर अल्लाह तआला ने स्पष्ट किया है कि अल्लाह तआला तुम्हें उनके साथ नेकी और न्याय करने से नहीं रोकता जो तुमसे जंग नहीं करते या जिन्होंने तुम्हें घरों से नहीं निकाला, चाहे वह काफिर हैं या यहूदी और ईसाइयों में से हैं। जैसा कि अल्लाह तआला फरमाता है-

لَا يَنْهٰكُمُ اللّٰهُ عَنِ الَّذِيْنَ لَمْ يُقَاتِلُوْكُمْ فِى الدِّيْنِ وَ لَمْ يُخْرِجُوْكُمْ مِّنْ دِيَارِكُمْ اَنْ تَبَرُّوْهُمْ وَ تُقْسِطُوْٓا اِلَيْهِمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُقْسِطِيْنَ

(सूरह अल मुमतहिना 9)

अर्थात अल्लाह तुम्हें उन से मना नहीं करता जिन्होंने तुम से धर्म के मामले में जंग नहीं की और न तुम्हें देश से निकाला कि तुम उनसे अच्छाई करो और उनसे न्याय के साथ पेश आओ। निस्संदेह अल्लाह न्याय करने वालों से प्रेम करता है।

अतः यहां जो स्पष्ट किया गया है पहली आयत में यह बताया गया है कि कमज़ोरी और भय और बुज़दिली की वजह से गैर मुस्लिमों से संबंध नहीं रखने। उद्देश्य यह है कि तुम्हारा अल्लाह तआला पर भरोसा होना चाहिए और अपनी ईमानी हालत को बेहतर करोगे तो अल्लाह तआला भी तुम्हारे साथ होगा लेकिन हम आज कल देखते हैं कि दुर्भाग्य से मुसलमान हुकूमतें सहायता के लिए उन्हीं गैर लोगों की गोद में गिर रही हैं और उनसे भयभीत भी हैं और दूसरों से सहायता लेने की वजह से फिर परिणाम यह निकल रहा है कि प्रत्येक मुसलमान देश दूसरे मुसलमान के खिलाफ है। यही लोग फिर इस्लाम की जड़ें काटने वाले भी हैं। बहरहाल हम यह दुआ करते हैं कि अल्लाह तआला इन मुसलमान हुकूमतों को भी अक्ल दे। बहरहाल इस घटना का वर्णन हो रहा है कि बनू-क़ैनका ने जब जंग की तो उसके बाद उनका घेराव किया गया, जंग हुई और वे पराजित हुए। सीरत ख़ातमुन्नबिय्यीन में इस घटना का विभिन्न इतिहास कि पुस्तकों से लेकर जो वर्णन किया गया है वह इस प्रकार है कि इस जंग के बाद जो बनू-क़ैनका की पराजय हुई तो उनको देश निकाला दे दिया गया। इसका विवरण इस प्रकार है कि जब जंग-ए-बदर हो चुकी और अल्लाह तआला ने अपने फज़ल से मुसलमानों को बावजूद कम संख्या और असहाय होने के कुरैश के एक बड़े जर्रार लश्कर पर बड़ी विजय दी और मक्का के बड़े-बड़े सरदार मिट्टी में मिल गए तो मदीने के यहूदियों की जो छुपी हुई ईर्ष्या थी वह भड़क उठी। उन्होंने मुसलमानों के साथ खुल्लम खुल्ला नोकझोंक शुरू कर दी। सभाओं में खुल्लम-खुल्ला तौर पर कहना शुरू कर दिया कि कुरेश की सेना को पराजित करना कौन सी बड़ी बात थी। हमारे साथ मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि

वसल्लम का मुकाबला हो तो हम बता दें किस तरह लड़ा करते हैं। यहां तक कि एक सभा में उन्होंने खुद आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुंह पर इसी प्रकार के शब्द कहे। अत: रिवायत में आता है कि जंग-ए-बदर के बाद जब आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मदीना आए तो आपने एक दिन यहूदियों को इकठ्ठा करके उनको उपदेश दिया और अपना दावा प्रस्तुत करके, इस्लाम की ओर निमंत्रण दिया। आपकी शांतिपूर्ण और सहानुभूतिपूर्ण भाषण का यहूदियों के सरदारों ने इन शब्दों में उत्तर दिया कि हे मोहम्मद! तुम संभवत कुछ कुरैश के लोगों को क़त्ल करके अहंकारी हो गए हो और वे लोग जंग की कला से अपरिचित थे। अगर हमारे साथ तुम्हारा मुकाबला हो तो तुम्हें पता लग जाएगा कि लड़ने वाले ऐसे होते हैं और यहूद ने केवल सामान्य धमकी पर ही संतोष नहीं किया बल्कि लिखा है कि ऐसा ज्ञात होता था कि उन्होंने आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़त्ल के भी षडयंत्र शुरू कर दिए थे क्योंकि रिवायत में आता है कि जब उन दिनों में तल्हा बिन बरा जो एक श्रद्धावान सहावी थे, मरने लगे तो उन्होंने वसीयत की कि अगर मैं रात को मरू तो नमाज़े जनाज़ा के लिए आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सूचना न दी जाए। कहीं ऐसा न हो कि मेरे कारण आप के साथ यहूदियों की ओर से कोई घटना घट जाए। अर्थात आप रात के समय जनाज़े के लिए बाहर आएँ और यहूदियों को आप पर आक्रमण करने का अवसर मिले। अत: जंग-ए-बदर के बाद यहूदियों ने खुल्लम-खुल्ला उपद्रव शुरू कर दिए और चूंकि मदीने के यहूदियों में बनू-क़ैनका सबसे अधिक शक्तिशाली और बहादुर थे इसलिए सबसे पहले उन्हीं की ओर से वादाखिलाफी हुई। अत: इतिहासकार लिखते हैं कि मदीने के यहूदियों में सबसे पहले बनू-क़ैनका ने संधि को तोड़ा जो उनके और आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के मध्य हुई थी। और बदर के बाद उन्होंने बहुत उद्दंडता आरंभ कर दी और खुल्लम-खुल्ला द्वेष और ईर्ष्या का प्रकटन किया और वादों को तोड़ दिया।

परंतु बावजूद इस प्रकार की बातों के मुसलमानों ने अपने आका आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मार्गदर्शन के अंतर्गत हर प्रकार से सब्र से काम लिया और अपनी तरफ से कोई पहल नहीं की बल्कि हदीस में आता है कि इस संधि के बाद जो यहूदियों के साथ हुई थी, आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम विशेष रूप से यहूदियों की दिलदारी का ध्यान रखते थे। अत: एक बार एक मुसलमान और एक यहूदी में कुछ मतभेद हो गया। यहूदी ने हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम की तमाम नबियों पर प्रतिष्ठा वर्णन की। सहाबी को इस पर गुस्सा आया और उसने यहूदी के साथ कुछ सख्ती की और आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सबसे श्रेष्ठ रसूल बताया। जब आँहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को इस घटना की सूचना मिली तो आप क्रोधित हुए और उस सहाबी को डांट-डपट की और समझाया कि तुम्हारा क्या काम है कि तुम ख़ुदा के रसूलों की एक दूसरे पर बड़ाई वर्णन करते फिरो। और फिर आपने मूसा की एक आंशिक विशेषता वर्णन करके यहूदी की दिलदारी फरमाई। परंतु बावजूद इस दिलदाराना सलूक के, नरमी के सलूक के, मोहब्बत के सलूक के यहूदी अपनी शरारत में तरक्की करते गए और अंतत: यहूद की ओर से ही जंग का कारण उत्पन्न हुआ और उनकी जो हार्दिक शत्रुता थी उनके सीनों में समा न सकी बल्कि बाहर निकल आई। और यह इस तरह पर हुआ कि एक मुसलमान औरत बाज़ार में एक यहूदी की दुकान पर कुछ सौदा खरीदने के लिए गई। कुछ दुष्ट यहूदियों ने जो उस समय उस दुकान पर बैठे हुए थे। उसे अत्यंत अश्लील तरीके से छेड़ा और स्वयं दुकानदार ने यह शरारत की कि उस औरत के कपड़े के नीचे वाले कोने को उसकी बेख़बरी में किसी कांटे वगैरह से उसकी पीठ के कपड़े से टांक दिया। कोई चीज़ कोई हुक लगा हुआ होगा या काँटा होगा, कोई चीज़ पड़ी होगी उससे उसके कपड़े को वहां टांक दिया। परिणाम यह हुआ कि जब औरत उनकी अश्लील हरकतों को देखकर वहां से उठकर लौटने लगी तो वह नंगी हो गई और कपड़ा उतर गया। इस पर उस यहूदी दुकानदार और उसके साथियों ने ज़ोर से ठहाका लगाया और हंसने लग गए।

उस मुसलमान औरत ने शर्म के मारे एक चीख मारी और सहायता के लिए पुकारा। संयोग से एक मुसलमान उस समय समीप ही उपस्थित था। वह लपक कर अवसर पर पहुंचा और वहां आपस में लड़ाई शुरू हो गई। यहूदी दुकानदार मारा गया जिस पर चारों तरफ से उस मुसलमान पर तलवारें बरस पड़ीं। उन्होंने हमला कर दिया और वह स्वाभिमानी मुसलमान वहीं ढेर हो गया, वहीं क़त्ल हो गया, शहीद हो गया।मुसलमानों को इस घटना का ज्ञान हुआ तो फिर उनका भी क़ौमी स्वाभिमान भड़क उठा, उनकी आंखों में खून उतर आया और दूसरी ओर यहूदी जो इस घटना को लड़ाई का बहाना बनाना चाहते थे, एक बड़ी भीड़ के रूप में इकट्ठे हो गए और एक हंगामे की सूरत पैदा हो गई।

आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को सूचना मिली तो आपने बनू-क़ैनका के रईसों को इकट्ठा करके कहा कि यह तरीका अच्छा नहीं है तुम इन शरारतों को छोड़ दो और ख़ुदा से डरो। उन्होंने बजाय इसके कि अफसोस करते, पछतावा करते और माफी मांगते उन्होंने सामने से अत्यंत अहंकार पूर्वक उल्टा जवाब दिया और फिर वही धमकी दोहराई के बदर की विजय पर घमंड न करो जब हम से मुकाबला होगा तो पता लग जाएगा कि लड़ने वाले ऐसे होते हैं। बहरहाल मजबूर होकर आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम सहाबा की एक समाअत के साथ लेकर बनू-क़ैनका के क़िलों की तरफ रवाना हो गए। अब यह आखिरी अवसर था कि वह अपने कर्मों पर पश्चाताप करते। जब आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम सहाबियों को लेकर गए तो यहूदियों को चाहिए था कि जो कुछ उन्होंने अत्याचार किया था उस पर पश्चाताप करते और मैत्री की ओर कदम बढ़ाते, परंतु वे सामने से जंग के लिए खड़े हो गए। बहराल जंग का ऐलान हो गया और इस्लाम और यहूदियों की ताकतें एक दूसरे के मुकाबले पर निकल आईं। उस ज़माने के दस्तूर के अनुसार जंग का यह तरीका भी होता था कि अपने क़िलों में सुरक्षित होकर बैठ जाते थे और विरोधी पक्ष क़िलों का घेराव कर लेता था। अर्थात जो आक्रमणकारी होता था किले का घेराव कर लेता था। अवसर मिलते ही एक दूसरे के खिलाफ हमले होते रहते थे। यहां तक कि या तो घेराव करने वाली फौज किले पर कब्ज़ा करने से निराश होकर घेराव छोड़ देती थी और चली जाती थी। और यह किले के अंदर के लोगों की विजय समझी जाती थी कि उनकी विजय हुई। या फिर यह होता था कि जो फ़ौज किले के अंदर होती थी वह मुकाबले की शक्ति न पाकर किले का द्वार खोल कर अपने आपको विजेता क़ौम के सुपुर्द कर देती थी। इस अवसर पर भी बनू-क़ैनका ने यही मार्ग अपनाया और अपने क़िलों में बंद होकर बैठ गए।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनका घेराव किया किले को चारों ओर से घेर लिया और 15 दिन तक बराबर घेराव जारी रखा। अंतत: जब बनू-क़ैनका का सारा सामान खत्म हो गया और अहंकार टूट गया तो उन्होंने इस शर्त पर अपने क़िलों के द्वार खोल दिए कि उनके माल मुसलमानों के हो जाएंगे परंतु उनकी जानों और उनके परिवार पर मुसलमानों का कोई हक नहीं होगा। आँहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इस शर्त को स्वीकार कर लिया। क्योंकि यद्यपि मूसा की शरीयत की दृष्टि से यह सब लोग क़त्ल करने योग्य थे। ऐसी सूरत में तौरात जो मुस्वी शरीयत है यही कहती है कि यह लोग क़त्ल कर दिए जाएं और संधि की दृष्टि से उन लोगों पर मूसा की शरीयत का फैसला ही जारी होना चाहिए था। परंतु इस क़ौम का यह पहला जुर्म था और आँहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की रहीम और करीम तबीयत सज़ा की ओर जो एक अंतिम इलाज होता है, आरंभ में ही माइल नहीं हो सकती थी परंतु दूसरी ओर ऐसे वादा खिलाफ और शत्रु क़बीला का मदीना में रहना भी एक आस्तीन के सांप को पालने से

कम नहीं था अर्थात आस्तीन में सांप पालने के बराबर था। अत: जब ऑस और खज़रज का एक मुनाफिक गिरोह पहले से मदीना में मौजूद था तो बाहरी ओर से भी समस्त अरब के विरोधियों ने मुसलमानों की नाक में दम कर रखा था। ऐसे हालात में आँहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का यही फैसला हो सकता था कि बनू कैनका मदीने से चले जाएं। यह सज़ा उनके अपराध के मुकाबले में और उसके अलावा उस ज़माने के हालात को देखते हुए एक बहुत नरम सज़ा थी और वास्तव में इसमें केवल अपनी सुरक्षा का पहलू मद्देनज़र रखा था। उद्देश्य यह था कि मदीना के लोगों की मदीना के मुसलमानों की सुरक्षा हो जाए अन्यथा हज़रत मिर्जा बशीर अहमद साहब यह लिखते हैं कि अरब की खानाबदोश क़ौम के निकट तो घर छोड़ना कोई बड़ी बात न थी, फिरते रहते थे, एक जगह से दूसरी जगह हिजरत करते रहते थे। विशेष रूप से जब किसी कबीला की जायदाद और ज़मीनों और बागों के रूप में न हो। जैसा के बनू कैनका की नहीं थी अर्थात उनकी जायदादें नहीं थीं और फिर सारे के सारे कबीले को बड़े अमन और अमान के साथ एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान जाकर आबाद होने का अवसर मिल जाए। अत: बनू कैनका बड़े सकून के साथ मदीना छोड़कर सीरिया की ओर चले गए। उनके जाने के समस्त प्रबंध और निगरानी का काम आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने सहावी उबादा बिन सामित के सुपुर्द किया जो उनके हलीफों में से थे जिनका अभी वर्णन हो रहा है। अत: उबादा बिन सामित कुछ मंजिल तक बनू कैनका के साथ गए और फिर उन्हें सुरक्षा के साथ आगे रवाना करके वापस लौट आए। माले ग़नीमत जो मुसलमानों के हाथ आया वह केवल जंगी सामान था या जो उनका पेशा था उससे जुड़े हुए उपकरण थे। और उसके अलावा कोई ऐसी चीज़ नहीं थी जो मुसलमानों ने ग़नीमत में ली हो

(उद्धृत सीरत ख़ातमुन्नबिय्यीन स० पृष्ठ 458 460)

इसके बारे में सीरत हलबिया में भी कुछ विवरण है उसमें लिखा हैकि आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आदेश दिया कि उन यहूदियों को मदीने से हमेशा के लिए निकालकर देश निकाला दे दिया जाए। उनको देश से निकालने की ज़िम्मेदारी आपने हज़रत उबादा बिन सामित के सुपुर्द की और यहूदियों को मदीने से निकल जाने के लिए 3 दिन की मोहलत दी। अत: यहूदी 3 दिन बाद मदीने को अलविदा कहकर चले गए। इससे पहले यहूदियों ने हज़रत उबादा बिन सामित से निवेदन किया था कि उनको 3 दिन की जो मोहलत दी गई है उसमें कुछ बढ़ोतरी कर दी जाए परंतु हज़रत उबादा ने कहा कि नहीं एक पल भी तुम्हें मोहलत नहीं दी जा सकती। फिर हज़रत उबादा ने अपनी निगरानी में उनको देश से निकाला और यह लोग सीरिया देश की एक बस्ती के मैदानों में जा बसे। (सीरत हलबिया भाग 2, बाब ज़िक्रे मग़ाज़िया स० गज़्वा बनी कैनका दारुल कुतुबुल इल्मिया, बैरूत 2002 ई०)

हज़रत उबादा बिन सामित से हदीसों की बहुत सारी दूसरी रिवायतें भी मरवी हैं। एक रिवायत उनसे यह मिलती है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की व्यवस्थाएं बहुत अधिक थीं इसलिए मुहाजिरीन में से कोई आदमी जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाह अलैहि वसल्लम की सेवा में उपस्थित होता तो रसूलुल्लाह उसे क़ुरआन सिखाने के लिए हम में से किसी के हवाले कर देते थे कि उनको ले जाओ और क़ुरआन सिखाओ, धार्मिक शिक्षा भी सिखाओ। कहते हैं कि एक बार रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने एक आदमी को मेरे सुपुर्द किया वह मेरे साथ घर में रहता था और मैं उसे अपने घरवालों के खाने में सम्मिलित करता था। उसे क़ुरआन पढ़ाता था। जब वह अपने घरवालों के पास वापस जाने लगा तो उसने विचार किया कि उस पर मेरा हक बनता है यानी उसके रहने के कारण और इतनी सेवा की वजह से और क़ुरआन सिखाने की वजह से उसके ऊपर मेरा कुछ हक बन जाता है। अत: इस वजह से उसने मुझे एक कमान उपहार स्वरूप दी। तीर कमान की कमान उपहार दिया और कहते हैं कि वह ऐसी उत्तम श्रेणी की कमान थी कि उससे अच्छी लकड़ी और नरमी में उससे बेहतरीन कमान मैंने पहले कभी नहीं देखी थी। कहते हैं कि मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में उपस्थित हुआ और उसके बारे में पूछा कि अल्लाह के रसूल इसके बारे में आपकी क्या राय है इस तरह वह मुझे कमान उपहार में दे कर गया? आपने फरमाया कि यह तुम्हारे कंधों के दरमियान एक आग है जो तुमने लटकाई है अर्थात ये उपहार जो तुम ले रहे हो वह इसलिए दे गया है कि तुमने उसे क़ुरआन पढ़ाया है और इस प्रकार यह तुमने आग ली है जो अपने कंधों में लटका रहे हो। (मुस्नद अहमद बिन हंबल, जिल्द 7 पृष्ठ 563, मुस्नद उबादा बिन सामित हदीस 23146)

एक और रिवायत भी है कि हज़रत उबादा बिन सामित ने बयान किया कि मैंने अहले सुफा में से कुछ लोगों को क़ुरआन पढ़ाया और लिखना सिखाया तो उनमें से एक व्यक्ति ने मेरे पास तोहफे में कमान दी। मैंने दिल में विचार किया कि यह कोई माल तो है नहीं, कोई ऐसी नकद चीज़ तो है नहीं, सोना चांदी तो है नहीं, न कोई करेंसी है और मैं इस से अल्लाह की राह में तीरंदाज़ी करूंगा। एक कमान ही है न मेरे काम आएगी अगर कभी जिहाद का अवसर मिला तो तीरंदाज़ी के काम आएगी। अल्लाह के रास्ते में इस्तेमाल होनी है। बहरहाल कहते हैं मैंने रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से इस बारे में पूछा तो आपने फरमाया कि अगर तुम आग का हार पहनना पसंद करते हो तो उसे स्वीकार कर लो। (सुनन इब्ने माजा किताबुत्तिजारात, बाबुल अजर अला तालीमुल क़ुरआन, हदीस 2157)

अर्थात अगर तुम चाहते हो कि आग का एक हार तुम्हारे गले में पहनाया जाए तो ठीक है ले लो। यह दोनों रिवायतें जो हैं एक ही तरह की हैं अलग-अलग स्थानों से आई हुई हैं। व्याख्याकारों ने इस रिवायत से यह व्याख्या की है कि मानो कमान क़ुरआन पढ़ाने की कीमत के तौर पर थी। जिसे हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नापसंद किया। अत: वे लोग जो अलग से क़ुरआन करीम पढ़ाने को अपना रोज़गार बना लेते हैं उनके लिए भी इसमें मार्गदर्शन है।

हज़रत राशिद बिन हुबैश से रिवायत है कि एक बार रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम हज़रत उबादा बिन सामित को देखने के लिए उनके घर पर गए जबकि वह बीमार थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि क्या तुम लोग जानते हो कि मेरी उम्मत के शहीद कौन लोग हैं? तो लोग एक दूसरे की ओर देखने लगे। हज़रत उबादा ने उनसे कहा कि मुझे सहारा देकर बिठा दो। अत: लोगों ने आप को बिठाया तो हज़रत उबादा ने कहा कि हे अल्लाह के रसूल आप ने सवाल किया है कि शहीद कौन लोग हैं तो जो बहादुरी और दृढ़ता पूर्वक मुकाबला करने वाला और सवाब की नीयत रखने वाला हो वह शहीद है। रसूल अल्लाह ने फरमाया कि अगर सिर्फ इतना ही है तो इस तरह तो फिर मेरी उम्मत के शहीद बहुत थोड़े रह जाएंगे। फिर आप ने फरमाया कि अल्लाह तआला के रास्ते में क़त्ल होना शहादत है, ताऊन की वजह से मर जाना भी शहादत है, एक महामारी जो फैलती है उसमें अगर मोमिन भी किसी कारण लपेट में आ जाते हैं और वे अच्छे मोमिन हैं तो वह ऐसी सूरत में शहादत है। फिर पानी में डूब कर मर जाना भी शहादत है और पेट की बीमारी की वजह से मरना भी शहादत है और आपने फरमाया कि नफास की हालत में मरने वाली औरत को उसका बच्चा अपने हाथ से खींच कर जन्नत में ले जाएगा। (मुसनद अहमद बिन हम्बल, जिल्द 5 पृष्ठ 492) अर्थात ऐसी औरत जो बच्चे के जन्म के समय रक्त बहने के कारण मर जाती है या नफास की हालत में जो 40 दिन तक रहती है इससे भी बच्चे के जन्म के कारण और उसी हालत में कमजोरी के कारण मौत हो जाती है तो फरमाया कि उसे भी उसका बच्चा खींचकर जन्नत में ले जाएगा अर्थात बच्चा उसको जन्नत में ले जाने का कारण बनेगा।

जो रिवायत मैंने वर्णन की है उससे मिलती-जुलती सही बुखारी में एक

रिवायत है। हज़रत अबू हुरैरा से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि शहीद पांच हैं- ताऊन से मरने वाला, पेट की बीमारी से मरने वाला, डूब कर मरने वाला, दबकर मरने वाला और अल्लाह की राह में शहीद होने वाला।(सही बुखारी किताब उल जिहाद वस्सैर, बाब शहादत हदीस नंबर 2829)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को ताऊन एक निशान की सूरत में बताया गया था। इसके लिए अब यह निशानी थी कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के जो मानने वाले लोग हैं, सही ईमान लाने वाले हैं, उनके ऊपर उसका आक्रमण नहीं होगा इसलिए यहां एक बिल्कुल और सूरत बन जाती है लेकिन सामान्य रूप से अगर महामारी फैली हुई है और एक मोमिन है और कामिल मोमिन है वह अगर इस कारण मर जाता है तो आँहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि वह शहीद है।

इस्माइल बिन उबेद अंसारी वर्णन करते हैं कि हज़रत उबादा ने हज़रत अबू हुरैरा से फरमाया कि हे अबू हुरैरा! आप उस समय हमारे साथ न थे जब हम लोगों ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बात की थी हमने आपसे चुस्ती और सुस्ती हर हाल में बात सुनने और मानने और खुशहाली और तंगी में खर्च करने पर अच्छाई का आदेश देने और बुराई से रोकने पर, अल्लाह तआला के बारे में सही बात कहने और उस मामले में किसी मलामत करने वाले की मलामत की परवाह न करने पर और नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के मदीना आने पर उनकी सहायता करने और अपनी जानों और अपने बीवी बच्चों की तरह आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुरक्षा करने की शर्त पर बैअत की थी। यह सारी बातें ऐसी यहीं जिन पर हमने बैअत की थी जिसके बदले में हमारे लिए जन्नत का वादा है। अत: यह है रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बैअत जिस पर हमने बैअत की। जो उसे तोड़ता है वह अपना नुकसान करता है। जो इन शर्तों को जिस पर हमने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बैअत की पूरा करेगा तो अल्लाह तआला उस बैअत की वजह से नबी सल्लल्लाहो वसल्लम के द्वारा किया हुआ वादा पूरा करेगा। हज़रत मुआविया रज़ि० ने एक बार हज़रत उस्मान गनी रज़ि० को पत्र लिखा कि हज़रत उबादा बिन सामित रज़ि० की वजह से सीरिया और सीरिया वाले मेरे विरुद्ध शोर कर रहे हैं। अब या तो आप उबादा को वापस बुला लें या फिर उनके और सीरिया के मध्य से मैं हट जाता हूं अर्थात मैं यहां से चला जाता हूं। हज़रत उस्मान ने लिखा कि आप हज़रत उबादा रज़ि० को सवार करवाकर मदीना मुनव्वरा में उनके घर की तरफ रवाना कर दें। अत: हज़रत मुआविया ने उन्हें रवाना कर दिया और वह मदीना पहुंच गए। हज़रत उबादा रज़ि० हज़रत उस्मान रज़ि० के पास उनके घर चले गए जहां सिवाय एक आदमी के अगले पिछलों में से कोई न था अर्थात कोई ऐसा व्यक्ति जिसने सहाबा को देखा था। उन्होंने हज़रत उस्मान को मकान के कोने में बैठे हुए पाया। फिर आप ने उनकी तरफ ध्यान दिया और हज़रत उस्मान रज़ि० ने फरमाया कि हे उबादा बिन सामित रज़ि०! आपका और हमारा क्या मामला है? तो हज़रत उबादा रज़ि० लोगों के सामने खड़े होकर कहने लगे कि मैंने रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह फरमाते हुए सुना है कि मेरे बाद ऐसे लोग तुम्हारे हुक्मरान होंगे जो तुम्हें ऐसे कामों की पहचान कराएंगे जिन्हें तुम नापसंद करते होगे। और ऐसे कामों को नापसंद करवाएंगे जिन्हें तुम पसंद करते होगे। अत: जो व्यक्ति अल्लाह की अवज्ञा करे उसआज्ञापालन न करो। अत: तुम अपने रब की सीमाओं से आगे न बढ़ो। (मुस्नद अहमद बिन हंबल, जिल्द 7 पृष्ठ 564-65, मुस्नद उबादा बिन सामित हदीस- 23149)

कुछ विषय हैं जिनमें मतभेद हो सकता है हज़रत अमीरे मुआविया रज़ि० और उबादा बिन सामित रज़ि० में भी इस प्रकार के कुछ ऐसे विषय पर मतभेद रहता था। पिछले ख़ुत्बे में भी यह जिक्र हुआ था कि हज़रत उमर रज़ि० के ज़माने में भी एक बार यह घटना हुई और क्योंकि हज़रत उबादा बिन सामित पहले सहाबा में से थे और आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से सीधे तौर पर उन्होंने यह विषय सुने हुए थे इसलिए बड़े विश्वास से यह उनके ऊपर अमल करने और करवाने वाले होते थे और यही कहा करते थे कि यही सही है। हज़रत उमर के ज़माने में जब अमीरे मुआविया से यह मतभेद हुआ तो हज़रत उमर रज़ि० ने अमीरे मुआविया रज़ि० को कह दिया कि उनसे तुमने कोई पूछताछ नहीं करनी जो विषय यह वर्णन करते हैं उनको करने दिया करो और जब यह मदीना आए थे तो उनको वापस भेज दिया। (सुनन इब्ने माज्जा किताबुल हसना बाब ताजीम हदीस रसूलुल्लाह.... हदीस 18)

लेकिन हज़रत उस्मान रज़ि० के ज़माने में दोबारा यह बात हुई तो हज़रत उस्मान ने उनको इन हालात के कारण वापस बुला लिया। बहरहाल हज़रत उबादा का एक विशेष पद था। वह कुछ बातों की व्याख्या कर सकते थे उन्होंने समझी हुई थीं, हज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से सीधे तौर पर सुनी हुई थीं और इस वजह से वह मतभेद करते थे और कुछ विषयों में बता भी दिया करते थे। उदाहरणतया लेनदेन का मामला है, बॉर्टर का मामला है, व्यापार का मामला है यह बहुत विस्तृत विषय है यहां इस समय वर्णन नहीं हो सकता इसमें भी उनका मतभेद अमीरे मुआविया से हुआ था। अत: उनके पास दलीलें थीं और उन्होंने उसके अनुसार अपनी व्याख्या की, अमीरे मुआविया ने अपनी व्याख्या की, लेकिन हर एक का यह काम नहीं है कि इस प्रकार मतभेद करता फिरे जब तक क़ुरआन और हदीस की स्पष्ट आयत उपस्थित न हो और इस ज़माने में फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने जो बयान किया है उसमें बुनियादी चीज़ जो आवश्यक है याद रखने वाली है वह यह है कि अल्लाह तआला की सीमाएं जो हैं उनसे आगे नहीं बढ़ना उनके अंदर रहना है अत: यही हर अहमदी को अपने सामने रखना चाहिए और फिर आज्ञाकारिता के दायरे के अंदर रहना चाहिए।

अताअ वर्णन करते हैं कि मैं वलीद से मिला जो हज़रत उबादा बिन सामित, सहाबी रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बेटे थे, मैंने उनसे पूछा कि आपके पिता हज़रत उबादा की मौत के समय क्या वसीयत थी ? तो उन्होंने बताया कि उन्होंने यानी हज़रत उबादा ने मुझे बुलाया और कहा कि मेरे बेटे अल्लाह तआला से डर और जान ले कि तू अल्लाह का तक़्वा इख्त्यार नहीं कर सकता जब तक तू अल्लाह पर ईमान न लाए (अर्थात ईमान पूर्ण होना चाहिए) और हर प्रकार के अच्छी बुरी तकदीर पर भी ईमान न लाए। अत: अगर तू इसके अतिरिक्त किसी आस्था पर मरा तो तू आग में जाएगा। (सुनन तिर्मीज़ी

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

अब्वाबुल क़द्र....हदीस नंबर 2155)

हज़रत अनस बिन मालिक से रिवायत है कि रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलैही वसल्लम हज़रत उम्मेहराम बिन्त मिल्हान के घर तशरीफ़ लाया करते थे जो हज़रत उबादा बिन सामित की पत्नी थीं। वह आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को खाना खिलातीं। एक बार हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत उम्मे हराम के घर आए तो उन्होंने आपको खाना खिलाया और आपका सर देखने लगीं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम सो गए। उसके बाद इसी हालत में सोए हुए थे कि आप मुस्कुराते हुए उठे। हज़रत उम्मे हराम कहती हैं कि मैंने पूछा कि हे अल्लाह के रसूल आप किस बात पर मुस्कुरा रहे हैं? तो आपने फरमाया कि मेरी उम्मत में से कुछ लोग मेरे सामने प्रस्तुत किए गए जो अल्लाह के मार्ग में जंग के लिए निकले हुए हैं वह समुद्र में उस सवार हैं मानो तख्तों पर बैठे हुए बादशाह हैं या फरमाया कि उन बादशाहों की तरह है जो तख्तों पर बैठे हुए हों। बताने वाले ने संदेह किया कि कौन सा शब्द कहा था। अत: कहती हैं कि मैंने कहा कि या रसूल अल्लाह आप अल्लाह से दुआ करें कि वह मुझे भी उन लोगों में सम्मिलित करे। रसूलल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने उम्मे हराम के लिए दुआ की। फिर आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने अपना सर रखा और सो गए फिर उसके बाद आप मुस्कुराते हुए जागे। कहती हैं मैंने पूछा कि या रसूलुल्लाह आप किस बात पर मुस्कुरा रहे हैं तो आपने फरमाया मेरी उम्मत में से कुछ लोग मेरे सामने प्रस्तुत किए गए हैं जो अल्लाह के मार्ग में जंग के लिए निकले हुए हैं फिर आपने पहली बार वाली जो बात थी जो पहले बयान हो चुकी है वह दोहराई। कहती थी मैंने कहा या रसूलल्लाह! अल्लाह से दुआ करें कि मुझे भी उनमें सम्मिलित कर दे। आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि तुम तो पहले ही उन लोगों में सम्मिलित हो चुकी हो। उम्मे हराम अबू सुफियान के ज़माने में समुद्री सफर में सम्मिलित हुईं और जब समंदर से बाहर आईं तो अपनी सवारी से गिरकर मृत्यु को प्राप्त हो गईं। (सही बुखारी किताबुल जिहाद वस्सैर, बाब दुआ व जिहाद हदीस 2788-2789) आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम उम्मे हराम के घर इसलिए जाते थे कि आपका एक महरम रिश्ता था, यह नहीं कि उनकी बीवी थी उनके घर चले गए। इस बारे में लिखा है कि उम्मे हराम मिल्हान बिन खालिद की बेटी हैं, कबीला बनी नज्जार से ताल्लुक रखती थीं, अनस रज़ि० की खाला थीं और उनकी मां उम्मे स्लैम की बहन हैं। यह दोनों यानी उनमें हराम और उम्मे स्लैम दूध के रिश्ते से या किसी निस्बती या अन्य संबंधी रिश्ते से आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की खाला थीं। (अलइस्तेआब जिल्द 4 पृष्ठ 1931, प्रकाशित दारुल बहील, बैरूत 1992ई०)

इमाम नोवी ने लिखा है कि समस्त उलमा की सहमति है कि उम्मे हराम रज़ि० आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की महरम थीं और इसलिए आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम बे तकल्लुफ़ी के साथ बेझिजक दोपहर को कभी-कभी उनके यहां जाकर आराम किया करते थे। लेकिन महरमी जो है उसमें मतभेद है कि वह किस प्रकार की थी। महरम तो थीं यह तो सब मानते हैं परंतु किस प्रकार, किस रिश्तेदारी की वजह से इसमें कुछ लोगों ने मतभेद किया है। अल्मिनहाज बशरह सहीह मुस्लिम अज़ इमाम नौवी किताबुल अमारत, बाब फज़लुल गुरूफी अल्बहर हदीस 1912)

बहरहाल किसी ने किसी संबंध से महरम कहा है और किसी ने किसी संबंध से। हज़रत उम्मे हराम जब मुसलमान हुईं और आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हाथ पर बैअत की और हज़रत उस्मान रजि० के ज़माने में उन्होंने अपने पति उबादा बिन सामित के साथ जो अंसार में से थे और बड़े प्रतिभाशाली सहाबी थे, जिनका वर्णन हो रहा है, उनके साथ अल्लाह के मार्ग में जिहाद के लिए निकलीं और रोम की धरती पर पहुंचकर शहीद हुईं। आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जो एक स्वप्न देखा था उसके अनुसार फिर उनकी शहादत भी हुई।

बुखारी की शरह उम्दतुल कारी और बुखारी की एक और व्याख्या इरशाद अंसारी में लिखा है कि हज़रत उम्मे हराम की मृत्यु 27 और 28 हिजरी में हुई। कुछ के निकट उनकी मृत्यु अमीरे मुआविया की हुकूमत में हुई थी। पहला कथन अधिक प्रसिद्ध है और जीवनी लिखने वालों ने उसी को बयान किया है कि हज़रत उस्मान के दौरे खिलाफत में यह समुद्री जंग हुई थी जिसमें उम्मे हराम की मृत्यु हुई थी। मुआविया के ज़माने में हज़रत मुआविया के ज़माने से अभिप्राय हज़रत मुआविया का ज़माना हुकूमत नहीं है बल्कि इससे अभिप्राय वह समय है जब हज़रत मुआविया ने रोम के विरुद्ध एक समुद्री जंग लड़ी थी और उस जंग में हज़रत उम्मे हराम भी अपने पति हज़रत उबादा बिन सामित के साथ सम्मिलित हुई थीं और इसी समुद्री जंग में से वापसी पर हज़रत उम्मे हराम की मृत्यु हुई थी और यह घटना हज़रत उस्मान के दौरे खिलाफत की है। (उम्दतुल क़ारी शरह सहीह बुखारी, जिल्द 14 पृष्ठ 128, इर्शादुस्सारी शरह सहीहुल बुख़ारी अश्शाहाबुद्दीन जिल्द 5 पृष्ठ 230 दारुल फ़िक्र बैरूत 2010 ई०)

